कार्य परियोजना में बहुसांस्कृतिकता (बहुसांस्कृतिवाद)

प्रस्तुत करता है

अंतर सांस्कृतिकता के साथ मौज

विविध जातीय गुटों में पार सांस्कृतिक जागरुकता तथा प्रशंसा को बढावा देने हेतू हॉग कॉग के चीनी विश्वविद्यालय के नृविज्ञान विभाग के द्वारा कार्य परियोजना में बहुसांस्कृतिकता यह ज्ञान हस्तांतरन परियोजना है । नीचे दिए गए वेबसाइट पर जाकर मुफ्त जानकारी संच पाइए !
http://arts.cuhk.edu.hk/~ant/knowledge-transfer/multiculturalism-in-action/index.html

हॉग कॉग में दक्षिण एशियाई लोग

दक्षिण एशिया में आफ्गानिस्तान ए बांग्लादेश ए भूटान ए मालदीवए नेपाल ए पाकिस्तान ए शामिल है

जातीय गुट	संख्या	%
भारतीय	२८,६१६	०.४%
नेपाली	१६५,१८	०.२%
पाकिस्तानी	१८,०४२	०.३%
अन्य एशियाई (श्रीलंकन तथा बांग्लादेशी)	७०३८	०.०९%
ैवनतबमरू २०११ ब्मदेने		

२०११ की जणगणना यह दर्शाती है कि दक्षिण **एशियाई** हॉग कॉग की लोकसंख्या का ०.९% भाग है ।

इतिहास

दक्षिण **एशियाई** सबसे पहले १९ वी सदी में हॉग कॉग में बसे थे । **वह** भारतीय थे जो पुलिस, सैनिक, चाय, कपडे और जवाहरात के व्यापारी थे । १९४७ में पाकिस्तान और १९७१ में बांग्लादेश स्वतंत्र होने पर हॉग कॉग में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी समुदायों के लोग भी आने लगे।

Copyright © Multiculturalism in Action Project

हॉग कॉग में नेपाली लोगो का वास्तव्य १९४८ में अंग्रेजी (ब्रिटीश) सेना में गुरखा रेजीमेंट में होने **की वजह** से है । उनके चार प्रमुख कार्य थे सीमा रक्षण, अंतर्गत सुरक्षा, विस्फोटक आयुध निपटान और, समुद्र सहायता । इन गुरखाओं ने ट्रेलवॉकर और धर्मशाला जैसी धर्मदाय कार्यो की शुरुवात भी की है ।

दक्षिण एशियाई लोग ओर चीनी लोग सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एक साथ काम कर रहे हुए

नि. गुरखा हॉग कॉग में स्मृतिदिन मनाते हुए)

आजकल, हॉग कॉग में अलग — अलग **पेशों** में दक्षिण **एशियाई** लोग व्यस्त है जैसे कि, एथलिट, व्यापारी, शिक्षक वकील, बैंक कर्मचारी, होममेकर्स, मजदूर । उनके जातीय व्यजंन, स्वास्थ्य के लिए व्यायाम (जैसे योगा) और धार्मिक उत्सव अब हॉग कॉग के स्थानिय जीवन तथा स्थानिय विरासत का भाग बन गए है जिससे हॉग कॉग एक बहुसांस्कृतिक और वैविध्यपूर्ण महानगरी बन चुका है ।

युग्मन (समागमन)

दक्षिण **एशियाई** लोगों ने हॉग कॉग में अपने घर बनाए है और यहॉ की स्थानिय जीवनशैली भी अपनाया है । दक्षिण **एशियाई** किराणा और रेस्टरा भी यहॉ देखने को मिलते है खासकर टीम शा, सुई, याउ मा तै और यूइन लौग जैसे भागो में । बहुत से रेस्टरा को चीनी नाम दिए गए है जहॉ पर चीनी व्यजनों के साथ साथ विविध जाती के ग्राहकों के लिए अनेक व्यंजन मिलते है ।

बहुतसे दक्षिण **एशियाई** उत्सव और रिवाजों का पालन हॉग कॉग में होता है । उदाहरण के लिए हर साल यहॉ बंगाली लोग याउ मा तै में दुर्गा पुजा (माता का उत्सव) मनाते है, तो नेपाली गुरुंग लोग किम शान कन्ट्री पार्क में लोसर (तिबेती नया साल) मनाते है ।

Copyright © Multiculturalism in Action Project

दुर्गा पुजा **का** पश्चिम बंगाली पर्व का हॉग कॉग में आयोजन

लोसर (गुरुंग नया साल) का कीम शान कन्ट्री पार्क में आयोजन

दक्षिण **एशियाई** लोगो ने हॉग कॉग में शिक्षा, जन स्वास्थ्य और याता — यात के विकास के लिए अपना योगदान दिया है । **इन्होंने** हॉग कॉग विश्वविद्यालय, बेलीलिओस स्कूल, रुटनजी अस्पताल व स्टार फेरी की स्थापना **भी की है** ।

बाधाएँ

हॉग कॉग में दक्षिण **एशियाई** लोगों के लिए सबसे बड़ी बाधा चीनी भाषा सिखना है । घर पर लोग अपनी भाषा में बात करते है इसलिए चीनी भाषा का अभ्यास नहीं हो पाता । कुछ लोग अच्छी कैन्टोनीस भाषा बोलते है फिर भी उच्च शिक्षा तथा नौकरी प्राप्त करने में चीनी भाषा पढने तथा लिखने ना जानने के कारण **अड़चन** पैदा होती है ।

लोक सेवा में सांस्कृतिक संवेदना का अभाव होने के कारण दक्षिण **एशियाई** लोगों में यह भावना उत्पन्न होती है कि उनसे भेदभाव हो रहा है । उदाहरण के तौर पर स्वास्थ्य रक्षण संस्थाओ इन जातीय अल्पसंख्यक लोगों की धार्मिक तथा सांस्कृतिक जरुरतों पर ध्यान देने की आवश्यकता है । मुसलमान समुदाय के लागों को अधिक **अड़चनों** का सामना करना पडता है क्योंकि यहाँ पर ताजे हलाल मटन दुकान बहुत कम है और बहुत कम रेस्टरा है जहाँ पर हलाल खाना मिलता है ।

Copyright © Multiculturalism in Action Project

कबड्डी के साथ मौज

कबड्डी यह एक दक्षिण **एशिया** के गांवो में खेले जाने वाला मशहूर पारंपारिक खेल है । अब यह **एशियाई** गेम्स का औपचारिक खेल बन चुका है । कबड्डी का मतलब है जिंदा होना । यह खेल संगठन, रणनीति, चंचलतापूर्ण खेल है ।

यह खेल दो गुटों में खेला जाता **है** जिसमे प्रत्येक गुट में ७ खिलाडी होते है । एक खिलाडी रेडर होता है जो मध्यरेखा को पार करके विरोधी गुटो के खिलाडियों (स्टोपर) **को** पकड़ने की कोशिश करता है । जैसे ही रेडर मध्य रेखा को पार करता है बाकी खिलाडी बिन रुके कबड्डी — कबड्डी के शब्द का उच्चारण करते है । **उसने लगातार कबड्डी कबड्डी बोलते की** शक्ति कम होने से पहले ही उसे अपने टीम के पास वापस लौटना होता है ।

अगर स्टॉपर रेडर को **उसकी** टीम की तरफ जाने से पहले ही पकडता है तो स्टॉपर **की** टीम को एक अंक मिलता है । और अगर रेडर अपनी टीम की तरफ जाने में सफल हुआ तो रेडर टीम को अंक मिलते है । उसे उतने अंक मिलते है जितने स्टॉपर को उसने पकडा है । जिन्हे वह पकडता है वे खिलाडी खेल से बाहर हो जाते है । यह खेल बहुत जल्दी — जल्दी आगे बढ़ता है इसवजह से दर्शको में बड़ा **उत्साह देखने को मिलता है** ।

पाकिस्तानी और चीनी लोग कबड्डी खेलते हुए

आंतर सांस्कृतिकता को इक्वल अपॉरच्युनिटीज **कमिशनो** द्वारा आर्थिक **सहायता** मिलता है ।

FUN with Interculturalism is funded by the Equal Opportunities Commission, and supported by Department of Anthropology, Arts Faculty, Institute of Future Cities, and Office of Research and Knowledge Transfer Fund, The Chinese University of Hong Kong.

Copyright © Multiculturalism in Action Project